संतोष बडोनी / *Santosh Badoni*
सचिव / Secretary

अ०शा०प०सं०/ D.O.NO. 1512
दिनांक / Date 26/02/18

।। कार्यालय ज्ञाप ।।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 25.02.2018 को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पद की लिखित परीक्षा करायी गयी थी। यह परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों में कुल 201 परीक्षा केन्द्रों पर करायी गयी थी। इस परीक्षा में कुल 87196 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये थे जिसमें से 49651 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया था।

दिनांक 26.02.2018 को कुछ अभ्यर्थियों द्वारा आयोग में उपस्थित होकर प्रश्न पुस्तिका में 40 प्रश्नों के दो बार छपने का विषय आयोग के संज्ञान में लाया गया, इसके अतिरिक्त दिनांक 26.02.2018 के कुछ समाचार पत्रों में भी प्रश्नों की पुनरावृत्ति के समाचार प्रकाशित किये गये। वर्तमान तक कुल 04 अभ्यर्थियों द्वारा ऐसी प्रश्न पुस्तिका तथा अपने प्रतिवेदन आयोग को उपलब्ध कराये गये हैं इनमें दो प्रश्न पुस्तिकाएं हरिद्वार के 03 केन्द्रों से सम्बन्धित हैं तथा एक प्रश्न पुस्तिका देहरादून के 01 केन्द्र से सम्बन्धित है। उल्लेखनीय है कि देहरादून में 37 केन्द्रों में तथा हरिद्वार में 34 केन्द्रों पर लिखित परीक्षा करायी गयी थी।

आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के इन प्रतिवेदनों व इन त्रुटियों को अत्यंत गंभीरता से लिया गया तथा इस संबंध में समुचित जांच करने की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया कि इस परीक्षा में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों से इस कार्यालय ज्ञाप के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त की जाय कि और किन अभ्यर्थियों को इस तरह की प्रश्न पुस्तिकाएं मिलीं तथा कितने अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पुस्तिका बदल कर दी गयी।

इस निर्णय के क्रम में इस परीक्षा के सभी अभ्यर्थियों से यह अनुरोध है कि यदि इस परीक्षा में उन्हें भी त्रुटिपूर्ण प्रश्न पुस्तिका मिली है तो वे आयोग को 15 दिन के भीतर ऐसी प्रश्न पुस्तिका की स्वप्रमाणित प्रति तथा एक अनुरोध पत्र प्रेषित करें जिससे ऐसे सभी अभ्यर्थियों के मामलों पर जांचकर विचार किया जा सके। अभ्यर्थी अपने प्रतिवेदन में विस्तृत विवरण देते हुये निम्न बातों का भी अवश्य उल्लेख करें–

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

संतोष बडोनी / *Santosh Badoni*
सचिव / Secretary

अ०शा०प०सं०/ D.O.NO............
दिनांक / Date ....

1. जो प्रश्न पुस्तिका अभ्यर्थी संलग्न कर रहे हैं उसमें अभ्यर्थी द्वारा या किसी अन्य के द्वारा किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की गयी है।
2. उनकी प्रश्न पुस्तिका में हुयी त्रुटियों का विस्तृत विवरण।
3. उन्होंने किस परीक्षा केन्द्र में किस कक्ष संख्या में परीक्षा दी है।
4. त्रुटिपूर्ण प्रश्न पुस्तिका को बदलवाने के लिये उन्होंने क्या कार्यवाही की तथा सम्बन्धित कक्ष निरीक्षक या अन्य परीक्षा प्राधिकारी की क्या प्रतिकिया रही या उनके द्वारा क्या कार्यवाही की गयी।
5. उन्होंने यदि त्रुटिपूर्ण पुस्तिका के साथ ही अपनी ओ0एम0आर0 भरी है तो प्रश्न पुस्तिका के सही अंशों व त्रुटिपूर्ण प्रश्नों का उत्तर किस प्रकार दिया गया है।

सभी ऐसे अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे त्रुटिपूर्ण प्रश्न पुस्तिका की मूल प्रति तथा अपनी ओ0एम0आर0 शीट की तृतीय प्रति/अभ्यर्थी प्रति को अपने पास सुरक्षित रखेंगे जिससे आवश्यकता पड़ने पर इन अभिलेखों की जांच की जा सके। फिलहाल आयोग को अपने लिखित प्रतिवेदन के साथ त्रुटिपूर्ण प्रश्न पुस्तिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति ही भेजे।

सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्तानुसार दिनांक 18.03.2018 तक अपने प्रतिवेदन तथा प्रश्न पुस्तिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति (ओ0एम0आर0 शीट की प्रति न भेजे) आयोग को राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड, पिन कोड– 248001 के पते पर उपलब्ध करा दें। दिनांक 18.03.2018 के बाद प्राप्त प्रतिवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

26/2/18
(संतोष बडोनी)
सचिव

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाड़पुर, देहरादून, उत्तराखण्ड
State Election Commission Office Campus, Ring Road, Ladpur, Dehradun. Uttarakhand
दूरभाष (कार्या०): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, आई.वी.आर नं -7088205533 वैबसाईट: www.sssc.uk.gov.in